# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी।

दूरभाष सं0–01374–222722, 222126, 1077(टोल फ्री) फैक्स–222722, मो0 7500337269
mail-ddmauttarkashi@gmail.com

क्रम संख्या–मैमों/तेरह–DEOC-IRS/20225 दिनांक– 27 जनवरी, 2025/ समयः– प्रातः 8:00 बजे

**आख्याः– अग्निकाण्ड।**

| क्र.सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | घटना का प्रकार | अग्निकाण्ड |
| 1 | तहसीलदार मोरी द्वारा दूरभाष पर दिनांक 26.01.2025 की रात्री 10:40 बजे तहसील मोरी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सावणी में आग लगने की सूचना प्राप्त हुयी थी। सूचना प्राप्त होने पर आपातकालीन परिचालन केन्द्र, उत्तरकाशी द्वारा तत्काल राजस्व टीम/एस0डी0आर0एफ0/फायर सर्विस/पुलिस/ वन विभाग/स्वास्थ्य विभाग/पशुपालन विभाग आदि टीमों को मय उपकरणों सहित मौके के लिय रवाना किया गया।<br>टीम फायर सर्विस मोरी,नौगांव, पुरोला टीम/थाना मोरी पुलिस टीम मौके पर पहुँचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से उक्त आग को रात्री 02:41 बजे काबू किया गया। 09 मकान पूर्ण रूप से जल चुके है जिसमे लगभाग 15–16 परिवार निवास करते थे इसके अतिरिक्त 02 मकानों को आग से बचाने हेतु पूर्ण रूप से तोडा गया है, इसके अतिरिक्त 03 भवनों को आंशिक रूप से तोडा गया है। आग लगने का कारण स्पष्ट नही है बताया जा रहा है। किताब सिंह के घर में पूजा का दीया जल रहा था जिससे आग लगना बताया गया है इस पूरे घटनाकम में लगभाग 22–25 परिवार प्रभावित हुए है उप जिलाधिकारी पुरोला/तहसीलदार मोरी मौके पर मौजूद है। इसके अतिरिक्त 01 महिला की आग में जलने से मृत्यु हुयी है।<br>विस्तृत सूचना प्राप्त होने पर पुनः प्रेषित की जायेगी। | |
| 2 | स्थान | ग्राम सावणी में। |
| | तहसील | मोरी |
| | सड़क मार्ग से दूरी– | लगभग 05 किमी0। |
| | निकटतम हैलीपैड (स्थान तथा दूरी) | – |
| | खोज बचावदलों एवं उपकरण का विवरण– | |
| | NDRF | – |
| | SDRF | SDRF |
| | Police | Police |
| | Community | स्थानीय लोग। |
| | अन्य | एस0डी0आर0एफ0, फायर सर्विस,मोरी,नौगाव, पुलिस, वन विभाग /राजस्व टीम मोरी/क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी/जल निगम/स्वास्थ्य विभाग/पशुचिकित्साधिकारी |
| | खोज एवं बचाव उपकरण | – |
| 3 | क्षति का विवरण | |
| | (क) मानवहानि | 01 श्रीमती ब्रह्म देवी पत्नी श्री नेगी सिंह उम्र–75 निवासी ग्राम सावणी |
| | (ख) पशुहानि | – |
| | (ग) कुल प्रभावित परिवारों की संख्या | 22–25 परिवार |
| | (घ) निजी सम्पत्ति की क्षति | – |
| | (च )सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की क्षति– | – |
| | (ख) प्रभावितों को दी गयी राहत (राहत राशि या अन्य राहत सामग्री) | |
| | (ग) राहत शिविर– | प्राथमिक विद्यालय सावणी खोला गया है। जिसमें भोजन आदि की व्यवस्था की जायेगी। |

प्रतिलिपिः– निम्नांकितों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित–

1– सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

2– जिलाधिकारी महोदय, उत्तरकाशी।

ड्यूटी प्रभारी,
आपातकालीन परिचालन केन्द्र,
उत्तरकाशी।

CamScanner